7:58 AM

HKA BWN 01.04.2...

शिक्षा देनी बहुत आवश्यक है, ताकि विद्यार्थी एक सभ्य नागरिक बनकर समाज व राष्ट्र के लिए अपनी सकारात्मक भूमिका अदा कर सकें। शिक्षित, बल्कि संस्कारवान भी बनता है। इसीलिए विद्यार्थियों के प्रति विद्यालय का विशेष दायित्व है, जिसे पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम के

राजकीय महिला महाविद्यालय घरौंडा में एक दिवसीय शिविर का आयोजन

करनाल(मेहर सिंह)। राजकीय महिला महाविद्यालय,घरौंडा की राष्ट्रीय सेवा योजनाइकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन महाविद्यालय के समीप स्लम एरिया में किया गया। स्वयं सेविकाओं द्वारा ग्रामीणवासियों से रोज़गार और शिक्षा से संबंधित डाटा एकत्रित किया गया। स्वयं सेविकाओं ने घर घर जाकर कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया। कचरा प्रबंधन आज एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है जिसकी तरफ़ ध्यान देना अति आवश्यक है। ग्रामवासियों को स्वयं सेविकाओं ने बताया कि उन्हें गीला और सूखा कचरा अलग अलग करना चाहिए । उसके लिए घर में गीले और सूखे कचरे के लिए अलग अलग पात्र होने चाहिए।जिससे उसके प्रबंधन में सरलता रहती है और जिनका पुनः चक्रण किया जा सकता है उनका पुनः चक्रण किया जाता है ।

हरियाणा की आवाज़